**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर राज्यपाल की बधाई

लखनऊः 23 दिसम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने प्रदेशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस 'ईद-मिलादुन्नबी' पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की है।

राज्यपाल ने बारावफात के अवसर पर जारी अपने बधाई सन्देश कहा है कि हजरत मोहम्मद साहब ने इंसान को इंसान से जोड़ने, आपसी भाईचारा, दूसरे धर्मों के प्रति सम्मान व एकता की जो शिक्षा दी थी, वह किसी वर्ग विशेष के लिए नही बल्कि पूरी मानवता के लिए थी। उन्होंने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं।

---------